# कार्यालय सचिव, माध्यमिक शिक्षा परिषद्, उत्तर प्रदेश, प्रयागराज।

## विज्ञप्ति

सर्व सम्बन्धित के सूचनार्थ विज्ञापित एवं प्रसारित किया जाता है कि दिनांक 23 जुलाई 2025 को श्रावण शिवरात्रि पर्व पर जलाभिषेक तक कांवड़ यात्रा के दौरान संभावित श्रद्धालुओं की अत्यधिक भीड़ एवं यातायात प्रबन्धों के दृष्टिगत कतिपय जनपदों से वर्ष 2025 की हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा अग्रेतर तिथि में सम्पन्न कराये जाने का अनुरोध किया गया है।

उक्त परिस्थिति एवं परीक्षार्थियों की परीक्षाएं छूटने की सम्भावना होने के दृष्टिगत परिषद की विज्ञप्ति संख्या मा0शि0प0/सिस्टम सेल/280 दिनांक 29.06.2025 द्वारा वर्ष 2025 की हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा की निर्धारित तिथि 19 जुलाई 2025 (दिन शनिवार) को संशोधित करते हुए **दिनांक 26 जुलाई 2025 (शनिवार)** को निम्नांकित कार्यक्रमानुसार परीक्षा आयोजन निर्धारित किया जाता है:–

**1– हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट परीक्षाएं – दिनांक 26–07–2025, प्रातः पाली में 08:30 से 11:45 बजे तक।**

**2– इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षाएं – दिनांक 26–07–2025, सायं पाली में 02:00 से 05:15 बजे तक।**

हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षाएं जनपद मुख्यालय पर जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा निर्धारित किये गये परीक्षा केन्द्रों पर सम्पन्न होंगी। जिला विद्यालय निरीक्षक परीक्षा केन्द्रों पर निम्नांकित व्यवस्थाएं सुनिश्चित करायेंगे:–

1. परीक्षा केन्द्र पर परीक्षार्थी/केन्द्र व्यवस्थापक/अध्यापकों एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारियों के अतिरिक्त बाह्य व्यक्तियों का प्रवेश पूर्णतया वर्जित रहेगा।
2. केन्द्र व्यवस्थापक ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करायेंगे, जिससे कि परीक्षा केन्द्र के प्रवेश द्वार पर परीक्षार्थियों की अनावश्यक भीड़ एकत्रित न होने पाये। इसी प्रकार परीक्षा समाप्ति के पश्चात् भी ऐसी व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय।
3. परीक्षा कक्ष के भीतर परीक्षार्थियों को मोबाइल, स्मार्ट वॉच अथवा किसी भी प्रकार के अन्य इलेक्ट्रानिक उपकरण ले जाना पूर्णतया वर्जित रहेगा।
4. परीक्षा के दौरान कक्षों में वाइस रिकार्डर युक्त सी0सी0टी0वी0 कैमरे एवं राउटर आदि पूर्णतया क्रियाशील रहेंगे।
5. परीक्षा केन्द्रों पर प्रश्नपत्रों के रख–रखाव की समग्र व्यवस्था मुख्य परीक्षा की भॉति निर्धारित स्ट्रांग रूम के डबल लाक युक्त आलमारी में ही की जायेंगी। स्ट्रांग रूम 24×7 क्रियाशील वाइस रिकार्डर युक्त सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में रहेगा। प्रश्नपत्रों के पैकेटों को केन्द्र व्यवस्थापक, वाह्य केन्द्र व्यवस्थापक एवं स्टैटिक मजिस्ट्रेट के समक्ष सी0सी0टी0वी0 कैमरे की निगरानी में ही खोले एवं वितरित किये जायेंगे।

सम्बंधित प्रधानाचार्य परिषद् की वेबसाइट www.upmsp.edu.in से पंजीकृत परीक्षार्थियों के प्रवेशपत्र डाउनलोड कर प्रतिहस्ताक्षरित करते हुए सम्बंधित परीक्षार्थियों को उपलब्ध करायेंगे। परीक्षार्थी निर्धारित तिथि को परीक्षा प्रारम्भ होने के 45 मिनट पूर्व परीक्षा केन्द्र पर अवश्य पहुँच जायं, जिससे परीक्षार्थियों को सुनियोजित एवं नियंत्रित ढंग से परीक्षा कक्षों में बैठाये जाने की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा सके।

4/7/2025

(भगवती सिंह)
सचिव।

पृष्ठांकन संख्याः मा0शि0प0/सिस्टम सेल/314 दिनांकः 04-07-2025

उक्त की प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–

1. प्रदेश के समस्त दैनिक समाचार पत्र के सम्पादकों को इस अनुरोध के साथ प्रेषित है कि अपने दैनिक समाचार पत्र के समस्त संस्करणों में प्रमुख स्थान पर निःशुल्क प्रकाशित कराने का कष्ट करें।
2. निजी सचिव, अपर मुख्य सचिव, माध्यमिक शिक्षा अनुभाग–7, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ।
3. महानिदेशक, स्कूल शिक्षा, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
4. संयुक्त शिक्षा निदेशक, समस्त मण्डल, उत्तर प्रदेश।
5. जिला विद्यालय निरीक्षक, समस्त जनपद, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ कि वे अपने स्तर से संशोधित तिथि का व्यापक प्रचार–प्रसार कराने की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करायें।
6. अपर सचिव, मा0शि0प0, क्षेत्रीय कार्यालय मेरठ, बरेली, प्रयागराज, वाराणसी एवं गोरखपुर को इस आशय से प्रेषित है कि अपने स्तर से भी विज्ञप्ति प्रकाशित कराकर संशोधित तिथि का व्यापक प्रचार–प्रसार कराने की प्रभावी व्यवस्था सुनिश्चित करायें।
7. वैयक्तिक सहायक, शिक्षा निदेशक(मा0), शिविर कार्यालय, 18 पार्क रोड, लखनऊ।
8. उप सचिव, समन्वय अनुभाग, मा0शि0प0, मुख्यालय प्रयागराज को वर्ष 2025 की हाईस्कूल इम्प्रूवमेन्ट/कम्पार्टमेन्ट तथा इण्टरमीडिएट कम्पार्टमेन्ट परीक्षा की विज्ञप्ति को राजकीय गजट में प्रकाशित कराये जाने हेतु।
9. उप सचिव, केन्द्रीय यूनिट/गोपनीय/केन्द्रस्थापना अनुभाग, मा0शि0प0, मुख्यालय प्रयागराज।

4/7/25

(भगवती सिंह)
सचिव।